पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

गृह मंत्री श्री अमित शाह के 4 दिवसीय मणिपुर दौरे की विस्तृत जानकारी

29 मई, 2023

- ✓ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह सोमवार 29 मई की रात मणिपुर पहुंचते ही शीर्ष अधिकारियों और वहां के प्रमुख नेताओं के साथ मणिपुर की ताज़ा स्थिति पर बैठक की।
- ✓ श्री अमित शाह ने मणिपुर की राज्यपाल से भी भेंट की।

30 मई, 2023

- ✓ 30 मई को केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने महिला नेताओं (मीरा पैबिस) के एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की।
- ✓ केन्द्रीय गृह मंत्री ने इम्फाल में मैतेई समुदाय के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी वार्ता की।
- ✓ श्री अमित शाह ने COCOMI, AMUCO, AMOCOC, MMW, STDCM, FOCS, फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ पीस जैसे नागरिक समाज संगठनों और छात्र संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों से भी मुलाकात की।
- ✓ चूड़ाचांदपुर रवाना होने से पहले श्री अमित शाह ने इम्फाल में सिविल सोसाइटी आर्गेनाईजेशन, प्रमुख हस्तियों के समूह, बुद्धिजीवियों, सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों और सिविल सर्वेंट्स के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया।
- ✓ इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने चूड़ाचांदपुर का दौरा किया और वहां कुकी समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों, नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रमुख हस्तियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की।
- ✓ गृह मंत्री श्री अमित शाह दोपहर बाद इम्फाल वापिस लौटे और वहां विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक में चर्चा की।
- ✓ गृह मंत्री ने शाम को मणिपुर पुलिस, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, असम राइफल्स और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

31 मई, 2023

- ✓ केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अपनी मणिपुर यात्रा के तीसरे दिन आज भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मोरेह का दौरा किया और नागरिक समाज संगठनों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया।

- ✓ श्री अमित शाह ने मोरेह में पहाड़ी आदिवासी परिषद, कुकी छात्र संगठन, कुकी प्रमुख संघ, तमिल संगम, गोरखा समाज और मणिपुरी मुस्लिम परिषद के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।
- ✓ गृह मंत्री ने मोरेह में शीर्ष अधिकारियों से सुरक्षा स्थिति की भी जानकारी ली।
- ✓ इसके बाद केन्द्रीय गृह मंत्री ने कांगपोकपी में जनजातीय एकता समिति, कुकी इंपी मणिपुर, कुकी छात्र संगठन, थादौइन्पी जैसे नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों, प्रमुख हस्तियों और बुद्धिजीवियों से मुलाकात की।
- ✓ गृह मंत्री ने कांगपोकपी में एक राहत शिविर का दौरा करके वहां कुकी समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की।
- ✓ कांगपोकपी से इम्फाल लौटकर श्री अमित शाह ने वहां एक राहत शिविर का दौरा किया और वहां रह रहे मैतेई समुदाय के लोगों से बातचीत की।
- ✓ इसके बाद श्री अमित शाह ने गृह मंत्री ने इंफाल में शीर्ष अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की।
- ✓ गृह मंत्री श्री अमित शाह ने इम्फाल में विभिन्न नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधि दल से भेंट कर व्यापक चर्चा की।
- ✓ सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने हिंसा रोकने, सशस्त्र असामाजिक तत्वों के खिलाफ और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति लाने के लिए लूटे गए हथियार बरामद करने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।
- ✓ केन्द्रीय गृह मंत्री ने रात को मणिपुर के मुख्यमंत्री, मंत्रियों और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की।

01 जून, 2023

- ✓ गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सुबह सुबह वरिष्ठ अधिकारियों से मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर ब्रीफिंग ली।
- ✓ केन्द्रीय गृह मंत्री ने मणिपुर की राज्यपाल के साथ बैठक की।
- ✓ श्री अमित शाह ने इम्फाल में प्रेस वार्ता को संबोधित किया।
- ✓ गृह मंत्री श्री अमित शाह ने इम्फाल में प्रदेश की विभिन्न प्रभावी व स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न वर्गों के साथ बैठक की।

*****